**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–15.04.2025 (सुबह 08:30 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **झामुमो के 13वें महाधिवेशन के पहले दिन राजनीतिक प्रस्ताव में ओबीसी आरक्षण, 1932 नीति और जातिगत जनगणना की उठी मांग।**

2. **पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने मंत्री हफिजुल हसन के शरीयत बयान की कड़ी आलोचना की, बताया संविधान और बाबा साहब का अपमान**

3. **चुनाव आयोग की नामांकन जांच प्रक्रिया पर कोलकाता हाईकोर्ट ने जताया संतोष, नागरिकता सत्यापन की याचिका खारिज, जांच प्रणाली को माना पर्याप्त।**

4. **मौसम विभाग ने बारिश, ओलावृष्टि और वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट किया जारी, 18 अप्रैल तक आंधी–तूफान के साथ तेज हवाएं और बारिश की संभावना।**

5. **आईपीएल टी 20 क्रिकेट में कल रात चेन्नई सुपर किंग्स ने लखनऊ को 5 विकेट से हराया, धोनी बने प्लेयर ऑफ़ द मैच।**

******************

झामुमो के 13वें महाधिवेशन का पहला दिन कल राजधानी रांची में शिबू सोरेन की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बाबा साहेब अंबेडकर को समर्पित इस अधिवेशन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड आंदोलन, दिशोम गुरुजी के संघर्ष और झामुमो की भूमिका को याद करते हुए कहा कि राज्य ने कभी हार नहीं मानी और जनता के आशीर्वाद से सबसे बड़ी पार्टी बनी। उन्होंने झारखंड के विकास, आदिवासी अधिकार और जन सरोकारों पर केंद्रित काम को तेज करने का संकल्प दोहराया।

******************

झामुमो के महाधिवेशन में स्टीफन मरांडी द्वारा पढ़े गए राजनीतिक प्रस्ताव में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण, 1932 आधारित स्थानीय नीति, सरना कोड की मान्यता और जातिगत जनगणना की मांग उठाई गई। मौके पर मौजूद नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि यह महाधिवेशन राज्य और देश की राजनीतिक परिस्थितियों के लिहाज से महत्वपूर्ण रहेगा। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में राजनीतिक प्रस्ताव भी पारित किया जाएगा, जो संगठन और जनता के हित में होगा।

******************

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने राज्य सरकार के मंत्री हफिजुल हसन के शरीयत को संविधान से ऊपर बताने वाले बयान की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि यह बयान बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर और देश के संविधान का अपमान है। श्री दास ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कांग्रेस नेता राहुल गांधी से पूछा कि क्या वे संविधान बचाने के नाम पर झामुमो सरकार से समर्थन वापस लेंगे। उन्होंने यह भी सवाल किया कि शरीयत की वकालत करने वाले मंत्री क्या सजा के मामले में भी शरीयत कानून का पालन करेंगे।

******************

झारखंड के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने वक्फ कानून का विरोध करते हुए कहा कि यह जन भावना के खिलाफ है और संसद को देश की जनता की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए।
इसके साथ ही झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता मिथिलेश ठाकुर ने भी इसे काला कानून बताते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर लोग ऐसे कानूनों को पारित नहीं होने देंगे।

******************

कोलकाता उच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग की नामांकन जांच प्रक्रिया पर संतोष जताते हुए संबंधित जनहित याचिका खारिज कर दी है। याचिका में यह मांग की गई थी कि चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की नागरिकता का पूर्ण सत्यापन अनिवार्य किया जाए। अदालत ने कहा कि यह एक विधायी विषय है और इसे संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत अदालत निर्देशित नहीं कर सकती। न्यायालय ने माना कि चुनाव आयोग की मौजूदा प्रक्रिया में पर्याप्त जांच और संतुलन हैं। साथ ही यह स्पष्ट किया कि यदि कोई शिकायत आती है तो उसकी जांच की जाती है और नागरिकों को आपत्ति दर्ज कराने का अधिकार भी है।

******************

सरायकेला–खरसावां जिले के आदित्यपुर में बाबा साहेब अंबेडकर जयंती पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन शामिल हुए। उन्होंने अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी और जरूरतमंदों के बीच वस्त्र वितरण किया। मौके पर श्री चंपाई सोरेन ने कांग्रेस पर अंबेडकर की विचारधारा के विरुद्ध कार्य करने और झारखंड में आदिवासियों के हक हनन का आरोप लगाया।

******************

सरायकेला खरसावां में समाहरणालय परिसर में कल उपायुक्त रविशंकर शुक्ल की अध्यक्षता में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस मौके पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

******************

धनबाद जिले में टीबी और कुष्ठ उन्मूलन जैसे अभियान की गति में तेजी लाने की आवश्यकता है। जिले में अभी लगभग 290 कुष्ठ रोगी हैं। नए मरीजों की पहचान के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

******************

**और अब कुछ संक्षिप्त खबरें–**

1) देवघर जिले के सारवां और खागा थानों के थाना प्रभारियों को कर्तव्यहीनता के आरोप में हटाया गया है। खागा थाने में एसआइ मुकेश कुमार और सारवां थाने में जेएसआइ कौशल कुमार सिंह को नया थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है।

2) खूंटी जिले के ओस्केया गांव से मजदूरी के लिए गुजरात गए पांच युवकों में से एक अल्बेन मुंडू रास्ते से लापता हो गया है। परिजन उसकी तलाश में जुटे हैं।

******************

पश्चिमी विक्षोभ, साइक्लोनिक सर्कुलेशन और बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के कारण झारखंड में मौसम में बदलाव हुआ है। पूरे राज्य में बारिश, तेज हवा, वज्रपात और ओलावृष्टि की संभावना को लेकर मौसम विभाग ने 18 अप्रैल तक ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही लोगों से सावधान रहने की अपील की गयी है।

******************

आईपीएल टी–20 क्रिकेट में कल रात चेन्नई सुपर किंग्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को पांच विकेट से हराकर लगातार पांच मैचों में अपनी हार का सिलसिला खत्म कर दिया। 167 रन के लक्ष्य के जवाब में चेन्नई सुपर किंग्स ने 19 ओवर और तीन गेंद में जीत का लक्ष्य हासिल कर लिया। धोनी को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

******************

**और अब अखबारों की सुर्खियां–**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने झामुमों के महाधिवेशन की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है– महाधिवेशन में पेश हुआ पार्टी के संविधान संशोधन का प्रस्ताव, हेमंत होंगे झामुमो के अध्यक्ष शिबू रहेंगे संस्थापक संरक्षक।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है – हेमंत होंगे झामुमो के अध्यक्ष मुख्यमंत्री राज्य लेना और चलाना भी जानता है झामुमो।

**हिंदुस्तान** की सुर्खी है –मंत्री हफीजुल के बयान पर सियासत गरमाई।

**दैनिक भास्कर** ने रांची में ओला और बारिश से गर्मी से राहत, पर फसलों को नुकसान को सुर्खी बनाई है।

******समाप्त******